आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 314 ● कटनी ● मंगलवार, 21 दिसम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष कृष्ण पक्ष-2 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## नेपाल में चीनी कंपनियां हुईं ब्लैकलिस्ट

**काठमांडू।** एशियन डेवलपमेंट बैंक ने चीनी टॉप कंपनियों को अखंडता नियमों का उल्लंघन करने के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया है। इन कंपनियों को नेपाल के प्रमुख हवाई अड्डे के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट से भी हटाए जाने की रिपोर्ट है। इन प्रोजेक्ट्स को ADB ने फंड किया हुआ है, ऐसे में ये कंपनियां नेपाल में भी ब्लैक लिस्ट हो गई हैं। काठमांडू पोस्ट की एक रिपोर्ट मुताबिक DB के भ्रष्टाचार और अखंडता ऑफिस ने कई अपराधों के लिए तीन सरकार समर्थित चीनी कंपनियां- चीन सीएमसी इंजीनियरिंग कंपनी, नॉर्थवेस्ट सिविल एविएशन एयरपोर्ट कंस्ट्रक्शन ग्रुप और चाइना हार्बर इंजीनियरिंग कंपनी पर प्रतिबंध लगा दिया है


## फटाफट खबरें

### अपने ही बयान में उलझे राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लिंचिंग पर बयान दिया है। राहुल गांधी का कहना है कि 2014 से पहले देश में किसी ने लिंचिंग शब्द सुनने में नहीं आता था। भाजपा ने इसका तत्काल जवाब दिया। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने पूर्व प्रधानमंत्री राहुल गांधी का वीडियो जारी किया। अमित मालवीय ने राजीव गांधी को देश में लिंचिंग का जनक बताया। वीडियो में राजीव गांधी, इंदिरा गांधी की हत्या और उसके बाद भड़के सिख दंगों का जिक्र कर रहे हैं। राजीव गांधी कह रहे हैं कि जब भी कोई बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है।भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने वीडियो जारी करते हुए लिखा, चमिलिए राजीव गांधी से, मॉब लिंचिंग के जनक, सिखों के खून से लथपथ जनसंहार को सही ठहराते हुए।

### शेयर बाजार में बाउंस बैक सेंसेक्स 1000 पॉइंट उछलकर 56819 पर



**मुंबई।** सोमवार की भारी गिरावट के बाद आज शेयर बाजार ने जोरदार वापसी की है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 1000 पॉइंट्स की तेजी के साथ 56,819 पर पहुंच गया है। निवेशकों की संपत्ति 5 लाख करोड़ रुपए बढ़ी है। टाटा स्टील का शेयर आज 5 पर्सेंट बढ़ा है। कल लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 252.57 लाख करोड़ रुपए था जो आज 257.50 लाख करोड़ रुपए हो गया है। सेंसेक्स सुबह 480 पॉइंट्स की तेजी के साथ 56,320 पर खुला था। दिन में इसने 56,858 का ऊपरी स्तर और 56,197 का निचला स्तर बनाया।

### 18 महिलाएं ऐसे छिपाकर ले जा रही थीं, 1.55 करोड़ का सोना, कस्टम वालों ने धर लिया

**मुंबई।** तस्करों का दिमाग बहुत तेज चलता है। उन्हें लगता है कि वह पुलिस की आंखों में धूल झोंक सकते हैं। लेकिन भैया, शायद उन्हें अंदाजा नहीं होता कि कानून के हाथ कितने लंबे होते हैं। हाल ही, मुंबई कस्टम्स की एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने केन्या की 18 महिलाओं को छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रोका। इन महिलाओं के पास 3.85 किलोग्राम सोना था, जिसकी कीमत लगभग 1.55 करोड़ बताई गई। ये महिलाएं नायरॉबी से शारजाह के रास्ते भारत पहुंची थीं। वह शवरमा, ग्राउंड कॉफी बोतल और जूतों में सोने की छोटी बार छिपाकर लाई थीं।





## मध्य प्रदेश विधानसभा में ओबीसी आरक्षण पर चर्चा : तीखी बहस- मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा

# रोटेशन प्रक्रिया से पंचायत चुनाव कराए जा रहे

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश विधानसभा में शीतकालीन सत्र का आज दूसरा दिन है। आज सदन में कार्रवाई शुरू होते ही विपक्ष ने चक्रानुक्रम आधार पर चुनाव न कराने, परिसीमन निरस्त करने और ओबीसी आरक्षण को लेकर स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की मांग की। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा कराने पर सहमति जताई। सदन में ओबीसी आरक्षण पर प्रश्नकाल रोककर चर्चा चर्चा कराई जा रही है। नेता प्रतिपक्ष कमल नाथ ने प्रश्नकाल शुरू होते ही यह विषय उठाया और कहा कि ओबीसी आरक्षण का विषय बहुत महत्वपूर्ण है इस पर तत्काल चर्चा कराई जानी चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि करोड़ों लोगों से जुड़ा हुआ विषय है, इससे बड़ा कोई विषय नहीं है। करोड़ों लोगों का भविष्य खतरे में हैं अविलंब इस पर चर्चा शुरू कराई जाए लेकिन उन्होंने एक निवेदन और किया की चर्चा गंभीर है, इसलिए सदन की गरिमा का ध्यान रखा जाए बीच में रोका टोकी ना हो और जब मैं बोलूं तो मुझे भी शांति से सुना जाए। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने व्यवस्था दी कि जब नेता सदन अपनी बात रखें तो शोर-शराबा



**मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा, कि जब वह सदन में इस मुद्दे पर अपनी बात रखें, तो उन्हें भी शांतिपूर्वक सुना जाए।**

ना करें और बाहर भी ना जाएं। इस परंपरा को रोकें और उनको भी सुनें। सदन में चर्चा के दौरान नगरीय विकास और आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा सभी रोटेशन प्रक्रिया को अपनाकर पंचायत चुनाव कराए जा रहे हैं। हम चाहते थे कि चुनाव जल्दी हों। निर्वाचन आयोग ने प्रक्रिया शुरू कर दी, लेकिन कांग्रेस चुनाव को रोकने के लिए 5 बार उच्च न्यायालय गई। चर्चा में भाग लेते हुए सुखदेव पांसे ने कहा कि ओबीसी आरक्षण की प्रक्रिया को लेकर कुछ नहीं कहा गया था। भूपेंद्र सिंह ने हाई कोर्ट में दायर याचिका की तारीखवार जानकारी सदन में रखी। उन्होंने कहा कि यदि एक शब्द भी गलत होगा तो अपना इस्तीफा देकर चला जाऊंगा।

### सरकारी वकील क्यों नहीं खड़ा हुआ : भनोत

कांग्रेस विधायक सोहन लाल वाल्मीकि ने इस पर आपत्ति लेते हुए कहा कि सदन मे गलत जानकारी दी जा रही है। कमलनाथ ने कहा कि कोई कोर्ट क्यों गया, इसकी जानकारी भी दी जाए।कांग्रेस विधायक तरुण भनोट ने कहा कि ओबीसी आरक्षण मे सरकार की तरफ से सरकारी वकील क्यों नहीं खड़ा हुआ है। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि विवेक तन्खा ने ओबीसी आरक्षण के विरोध में याचिका दायर की थी। इस मामले में सदन में दोनों पक्षों के बीच जमकर बहस हुई। इस दौरान कांग्रेस की ओर से सदन में एक बड़ी मांग रखी गई। पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने सदन में विधानसभा अध्यक्ष से की मांग की कि मप्र विधानसभा में पारित कराया जाए अहम प्रस्ताव। सुप्रीम कोर्ट, संघ लोक सेवा आयोग जैसे संगठनों में भी लागू होना चाहिए ओबीसी आरक्षण। मप्र सरकार ये प्रस्ताव विधानसभा में पारित कराकर केंद्र सरकार को भेजा जाए।

## जानलेवा हुआ ओमिक्रॉन





# ब्रिट्रेन में 12, अमेरिका में 1 मरीज ने तोड़ा दम

**नई दिल्ली।** ओमिक्रोन वैरिएंट अब जानलेवा भी होना है। चिंता बढ़ाने वाली ताजा खबर ब्रिटेन और अमेरिका से आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूके में ओमिक्रोन से अब तक 12 लोगों की मौत की सूचना है। हालांकि आधिकारिक रूप से यहां सिर्फ एक मौत की पुष्टि की गई है। इस तरह, अमेरिका में भी ओमिक्रोन से पहली मौत की खबर है। बता दें, कोरोना महामारी का यह नया रूप दक्षिण अफ्रीका से निकला था और अब अधिकांश देशों में पहुंच चुका है। ब्रिटेन और अमेरिका उन देशों में शामिल हैं जहां हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। अमेरिका में तो अभी कोरोना के जितने केस रोज आ रहे हैं, उनमें से करीब 73 फीसदी ओमिक्रोन के मरीज हैं।ब्रिटेन के उपप्रधान मंत्री डॉमिनिक रैब ने कहा कि यूनाइटेड किंगडम में कोरोनो वायरस के ओमिक्रोन वैरिएंड से संक्रमित 12 लोगों की मौत हो गई है। हालांकि इतना होने के बाद भी उन्होंने क्रिसमस से पहले और पाबंदियां लगाने से इन्कार कर दिया। त्योहार से पहले ओमिक्रोन के फैलने के कारण लॉकडाउन की मांग की जा रही थी, जिसे ब्रिटिश सरकार ने खारिज कर दिया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने यह कहना शुरू कर दिया है कि ओमिक्रोन अब न केवल तेजी से फैल रहा है, बल्कि जानलेवा भी होता जा रहा है। अब तक यह माना जाता था कि ओमिक्रोन, डेल्टा वैरिएंट की तुलना में तेजी से फैलता जरूर है, लेकिन उतना घातक नहीं है। यूके में ओमिक्रोन के 37,000 से अधिक पुष्ट मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से अधिकांश मामलों का पता पिछले दो दिनों में चला है। सूत्रों से पता चला है कि टेक्सास में स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि राज्य में ओमिक्रोन से संबंधित पहली मौत दर्ज की गई है। यह ओमिक्रोन से मौत का अमेरिका का पहला मामला है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीड़ित 50 साल का व्यक्ति था, जिसका टीकाकरण नहीं हुआ था।

### भारत में कोरोना केस में भारी कमी

दुनिया में एक तरफ जहां ओमिक्रोन की दहशत है, वहीं भारत में उम्मीद की नई किरण जगी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में बीते 24 घंटों में कोरोना के नए केस में भारी कमी आई है। मंगलवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में 5,326 नए केस दर्ज हुए हैं। यानी एक दिन पहले से करीब 1000 केस कम। सोमवार को 6,563 नए मामले सामने आए थे। भारत में ओमिक्रोन के अब तक 170 मामले सामने आ चुके हैं। ओमिक्रोन के बढ़ते मामलों के बीच नए केस में कमी होना अच्छे संकेत हैं।

### शोक मनाने से अच्छा है नए साल का जश्न न मनाएं

**WHO की चेतावनी**

देश-दुनिया में कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रोन का खतरा बढ़ता जा रहा है। ब्रिटेन और अमेरिका समेत कई यूरोपीय देशों में हालात खराब हैं। यह संकट ऐसे वक्त आया है जब पूरी दुनिया क्रिसमस और नए साल का जश्न मनाने की तैयारी कर रही है। इस बीच, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेताया है कि लोग क्रिसमस या नए साल का जश्न मानने के लिए भीड़ में जुटें। W H O ने साफ कहा है कि शोक मनाने से अच्छा है कि जश्न न मनाएं। संदेश साफ है, इस बार का क्रिसमस और न्यू ईयर घर में ही मनाएं। इसी राह पर चलते हुए कई यूरोपीय देशों ने पाबंदियां लनाना शुरू कर दिया है। नीदरलैंड में सख्त लॉकडाउन लगाया जा चुका है।

## पहली बार स्पेशल पावर का इस्तेमाल

# भारत विरोधी 20 यू- ट्यूब चैनल बंद





**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने देश विरोधी प्रोपोगैंडा फैलाने वाले 20 यूट्यूब चैनलों पर सोमवार को बैन लगा दिया है। पहली बार आईटी ऐक्ट में हाल ही में शामिल की गई गाइडलाइंस के आधार पर इन पर बैन लगाया गया है। इन यूट्यूब चैनलों के साथ 2 वेबसाइटों को भी प्रतिबंधित किया गया है। ये चैनल और वेबसाइट कथित तौर पर पाकिस्तान से संचालित होते थे और देश में भारत विरोधी प्रोपोगैंडा फैलाते थे। इस मामले पर नाम न छापने की शर्त पर एक सूत्र ने बताया कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की सेक्रेटरी अपूर्व चंद्रा ने यूट्यूब और टेलिकॉम विभाग को लिखा कि इस कॉन्टेंट को तत्काल प्रभाव से ब्लॉक किया जाए, क्योंकि ये भारत की संप्रभुता और अखंडता को प्रभावित करता है। अधिकारियों के अनुसार, पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस की मदद से यह प्रोपोगैंडा फैलाया जा रहा था। उन्होंने कहा कि इनमें नया पाकिस्तान नाम का एक यूट्यूब चैनल था, जिसके YouTube पर दो मिलियन से ज्यादा सब्सक्राइबर था। अधिकारियों के मुताबिक, ये चैनल कश्मीर, कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का विरोध और अयोध्या जैसे मुद्दों पर झूठी खबरें चला रहा था।

### पाकिस्तान से चलाई जा रही थीं वेबसाइटें

इस कॉन्टेंट को लेकर पहले सुरक्षा एजेंसियों ने जानकारी दी, जिसके बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने जांच की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यह पहली बार है कि आईटी नियम, 2021 के तहत आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल भारत विरोधी प्रोपोगैंडा वेबसाइटों पर प्रतिबंध लगाने के लिए किया गया है। एक अंग्रेजी दैनिक के अनुसार समीक्षा में शामिल अधिकारी ने कहा, च्जांच से पता चला है कि ये वेबसाइटें और चैनल पाकिस्तान से चलाई जा रही थीं। इन यूट्यूब चैनलों पर चलाया जाने वाला कॉन्टेंट राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से ठीक नहीं है। आपको बता दें कि भारत द्वारा बैन किए गए यूट्यूब चैनलों में से 15 का स्वामित्व च्नया पाकिस्तानज्ञ ग्रुप के पास है, जबकि अन्य में द नेकेड ट्रुथ, 48 समाचार और च्जुनैद हलीम अधिकारी शामिल हैं।

### किसान आंदोलन के दौलान चलाए थे फेक वीडियो

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की जांच में सामने आया है कि कुछ वीडियो, अनुच्छेद 370, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कश्मीर की ओर बढ़ते तालिबान लड़ाकों को लेकर थे। इन वीडियोज को 30 लाख बार देखा गया था। इन यूट्यूब चैनलों कुल करीब 3.5 मिलियन सब्सक्राइबर थे और इनके कॉन्टेंट को भारत में 500 मिलियन से भी ज्यादा बार देखा जा चुका था। जांच में यह भी सामने आया है कि इन चैनलों ने किसानों के प्रोटेस्ट को लेकर फर्जी वीडियो चलाए थे।

## कोलकाता नगर निगम चुनाव में ममता का जलवा बरकरार

### टीएमसी को भारी बढ़त ; भाजपा को झटका



**कोलकाता।** कोलकाता नगर निगम चुनाव के नतीजे आने शुरू हो गए हैं। 144 वार्डों के वोटों की गिनती के लिए कुल 16 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। इन मतगणना केंद्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया है और 200 मीटर के इलाके में 144 धारा लागू रहेगी। किसी भी पार्टी के कार्यकर्ताओं को इस दायरे में नहीं आने दिया जाएगा। बता दें कि 19 दिसंबर को कोलकाता नगर निगम (चस्न्रूष्ट) चुनाव में लगभग 64 फीसदी मतदान हुआ था।

**टीएमसी 134 सीटों पर आगे**

**कुल सीट-144**

टीएमसी- 134 पर आगे

भाजपा- 3 पर आगे

कांग्रेस-2 पर आगे

लेफ्ट-3 पर आगे

अन्य-2 पर आगे

### टीएमसी को 7 सीटों पर मिली जीत

पश्चिम बंगाल राज्य चुनाव आयोग के आधिकारिक रुझानों के अनुसार, टीएमसी को 7 सीटों पर जीत मिल गई है और 108 पर आगे है। भाजपा 4 सीटों पर आगे है, सीपीआई (एम) 2 पर, कांग्रेस 2 पर, निर्दलीय तीन पर आगे है।



## शारीरिक संबंध के बाद शादी से इनकार करना चीटिंग नहीं

### बॉम्बे हाई कोर्ट ने युवक को किया बरी

**मुंबई।** शारीरिक संबंध के बादशादी से इनकार करना चीटिंग नहीं, बॉम्बे हाई कोर्ट ने युवक को किया बरी लंबे समय तक शारीरिस संबंध बनाने के बाद यदि कोई शादी करने से इनकार कर देता है तो उसे धोखाधड़ी नहीं माना जाता सकता। निचली अदालत की ओर से एक युवक को दोषी ठहराए जाने के फैसले को पलटते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी की है। पालघर के रहने वाले काशीनाथ घरात के खिलाफ गर्लफ्रेंड की शिकायत पर पुलिस ने धारा 376 और 417 के तहत बलात्कार और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। गर्लफ्रेंड का आरोप था कि काशीनाथ ने शादी का वादा करके उससे फिजिकल रिलेशन बनाए और फिर वादे से मुकर गया। इस मामले में 19 फरवरी, 1999 को अतिरिक्त सेशन जज ने काशीनाथ को रेप के आरोप से बरी कर दिया था, लेकिन धोखाधड़ी का दोषी करार दिया था। अदालत ने काशीनाथ को तीन साल तक शादी का वादा कर संबंध बनाने और फिर मुकर जाने के आरोप में 1 साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई थी। घरात ने इस आदेश को बॉम्बे हाई कोर्ट में चुनौती दी थी, जहां जस्टिस अनुजा प्रभुदेसाई की सिंगल बेंच ने उसे धोखाधड़ी के आरोप से भी मुक्त कर दिया। जस्टिस प्रभुदेसाई ने कहा कि तथ्य यह बताते हैं कि महिला और आरोपी के बीच तीन साल लंबी फिजिकल रिलेशनशिप चली और दोनों का अफेयर था। जस्टिस ने कहा कि महिला के बयानों से यह साबित नहीं होता है कि वह किसी तरह के धोखे में रखी गई थी। केस की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने ऐसे मामलों में उच्चतम न्यायालय के फैसलों का भी जिक्र किया। कोर्ट ने कहा कि यह साबित होना चाहिए कि महिला के सामने शादी का वादा करते हुए गलत तथ्य रखे गए थे और बाद में वे बातें गलत साबित हुईं। अदालत ने कहा कि दो बातें साबित होनी चाहिए, पहली यह कि गलत जानकारी देकर शादी की बात की गई थी। दूसरी यह कि वादा ही गलत था और उसके बहकावे में आकर ही महिला यौन संबंधों के लिए राजी हो गई थी।

## वैक्सीन सर्टिफिकेट से नहीं हटेगी पीएम मोदी की तस्वीर

### हाईकोर्ट ने खारिज की अर्जी ; याचिकाकर्ता पर लगाया 1 लाख जुर्माना

**कोच्ची।** केरल हाई कोर्ट ने कोरोना वैक्सीन के सर्टिफिकेट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर हटाने की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। साथ ही अदालत का समय बर्बाद करने के लिए कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर



एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने इससे पहले इसी माह हुई सुनवाई के दौरान भी याचिकाकर्ता से सवाल किया था कि वैक्सीन सर्टिफिकेट पर प्रधानमंत्री की फोटो में क्या गलत है। कोर्ट ने मंगलवार को याचिकाकर्ता से कहा कि वह जुर्माने की राशि अगले छह हफ्तों के अंदर जमा करे। इतना ही नहीं, अगर राशि जमा नहीं की जाती है तो केरल स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी यानी चद्गस्न्र याचिकाकर्ता की संपत्ति से इस रकम को हासिल कर सकती है। कोर्ट ने कहा कि यह जुर्माना इसलिए लगाया गया है ताकि लोगों को पता लग सके कि इस तरह की फालतू याचिकाएं कोर्ट का समय बर्बाद करती हैं। पिछली सुनवाई में जस्टिस पीपी कुन्हीकृष्णन ने याचिकाकर्ता से कहा था कि अगर किसी पूर्व प्रधानमंत्री के नाम पर देश की यूनिवर्सिटी का नाम हो सकता है तो वैक्सीन सर्टिफिकेट पर पीएम मोदी की फोटो होने में क्या हर्ज है? याचिकाकर्ता फिलहाल जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूटी ऑफ लीडरशिप के साथ काम कर रहे हैं। जस्टिस पीपी कुन्हीकृष्णन ने कहाकि वह हमारे देश के प्रधानमंत्री हैं, किसी गैर देश के नहीं।

## कमिश्नर सिस्टम के लाभ से जनता भी अवगत हो

**भोपाल ।** गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि भोपाल में लागू की गई पुलिस कमिश्नर प्रणाली को प्रभावी रूप से अमल में लाया जाए। आम नागरिकों को इसका एहसास भी होना चाहिए। पुलिस जनता के साथ मित्रतापूर्ण व्यवहार करे और अपराधियों के दिल में खौफ पैदा हो। कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस आधुनिक तकनीक को अपनाए। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिये अत्याधुनिक तकनीक का अधिकतम इस्तेमाल करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने पुलिस कमिश्नर प्रणाली के लाभों से जनता को अवगत कराने को कहा है। गृह मंत्री डॉ. मिश्रा पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू होने के बाद सोमवार को इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिये पुलिस कंट्रोल रूप भोपाल में दिये जा रहे प्रशिक्षण





गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा पुलिस कंट्रोल रूम में लिया प्रशिक्षण का जायजा

का जायजा ले रहे थे। प्रशिक्षण में भोपाल के पुलिस आयुक्त श्री मकरंद देउस्कर भी मौजूद थे। डॉ. मिश्रा ने पुलिस के आला अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रशिक्षण व्यवहारिक हो, जिससे पुलिस कमिश्नर प्रणाली का प्रभावी क्रियान्वयन हो। उन्होंने कहा कि इस नये सिस्टम के लागू होने के बाद अपराध नियंत्रण के सकारात्मक परिणाम अपेक्षित है। गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने सभी प्रतिभागी अधिकारियों से बेहतर परिणाम की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि पुलिस को सौंपे गये नये दायित्वों में कोई लापरवाही न बरतें। उन्होंने सिस्टम के क्रियान्वयन को देश में सबसे अच्छा बनाने के लिये सभी से अपना शत-प्रतिशत सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का आव्हान किया।

## भारत को मिला रूसी कवच

# सबसे ताकतवर एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 की पहली खेप पंजाब सेक्टर में तैनात

**नई दिल्ली।** रूस में बने ताकतवर एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 की पहली खेप भारत पहुंच गई है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन के हाल में हुए भारत दौरे के दौरान इसकी सप्लाई जल्द करने का भरोसा दिया गया था। अगले साल इसकी दूसरी खेप भी आ सकती है। भारत को ऐसी कुल 5 यूनिट मिलेंगी। चीन और पाकिस्तान के खतरे को देखते हुए भारत को एस-400 की बहुत जरूरत थी। हालांकि अमेरिका इस सौदे का शुरुआत से विरोध कर रहा है। यह सिस्टम पंजाब सेक्टर में तैनात किया गया है। यहां से यह पाकिस्तान और चीन दोनों के खतरों से निपट सकता है। अक्टूबर 2018 में रूस और भारत ने S-400 की सप्लाई को लेकर डील की थी। दुनिया के सबसे



आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम माने जाने वाले S-400 से हवा में भारत की ताकत अभेद्य हो जाएगी। ये सिस्टम 400 किलोमीटर की रेंज में दुश्मन की मिसाइल, ड्रोन और एयरक्राफ्ट पर हवा में ही हमला कर सकता है।

### 40 हजार करोड़ की है पूरी डील

S-400 एक एयर डिफेंस सिस्टम है, यानी ये हवा के जरिए हो रहे अटैक को रोकता है। ये दुश्मन देशों के मिसाइल, ड्रोन, राकेट लॉन्चर और फाइटर जेट्स के हमले को रोकने में कारगर है। इसे रूस के एलमाज सेंट्रल डिजाइन ब्यूरो ने बनाया है और दुनिया के बेहद आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम में इसकी गिनती होती है। भारत और रूस के बीच स्-400 की 5 यूनिट के लिए 2018 में करीब 40 हजार करोड़ रुपए की डील हुई थी।

### इस सिस्टम की खासियत क्या है?

S-400 की सबसे बड़ी खासियत इसका मोबाइल होना है। यानी रोड के जरिए इसे कहीं भी लाया ले जाया जा सकता है। इसमें 92N{E इलेक्ट्रॉनिकली स्टीयर्ड फेज्ड ऐरो रडार लगा हुआ है जो करीब 600 किलोमीटर की दूरी से ही मल्टिपल टारगेट्स को डिटेक्ट कर सकता है। ऑर्डर मिलने के 5 से 10 मिनट में ही ये ऑपरेशन के लिए रेडी हो जाता है। -400 की एक यूनिट से एक साथ 160 ऑब्जेक्ट्स को ट्रैक किया जा सकता है। एक टारगेट के लिए 2 मिसाइल लॉन्च की जा सकती हैं।-400 में 400 इस सिस्टम की रेंज को दर्शाता है। भारत को जो सिस्टम मिल रहा है, उसकी रेंज 400 किलोमीटर है। यानी ये 400 किलोमीटर दूर से ही अपने टारगेट को डिटेक्ट कर काउंटर अटैक कर सकता है। साथ ही यह 30 किलोमीटर की ऊंचाई पर भी अपने टारगेट पर अटैक कर सकता है। इस डिफेंस सिस्टम में सर्विलांस रडार लगा होता है, जो अपने ऑपरेशनल एरिया के इर्द-गिर्द एक सुरक्षा घेरा बना लेता है। जैसे ही इस घेरे में कोई मिसाइल या दूसरा वेपन एंटर करता है, रडार उसे डिटेक्ट कर लेता है और कमांड व्हीकल को अलर्ट भेज देता है। अलर्ट मिलते ही गाइडेंस रडार टारगेट की पोजिशन पता कर काउंटर अटैक के लिए मिसाइल लॉन्च करता है। यह मिसाइल सिस्टम एक साथ 36 टारगेट पर निशाना लगा सकता है।

# 3 डिग्री के साथ आज रात भी सर्द

## सीवियर कोल्ड वेव के लिए ऑरेंज अलर्ट



**कटनी।** कटनी जिले में भी अगले दो तीन दिन शीतलहर का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा वैसे तो पूरे मध्यप्रदेश में सीवियर कोल्ड वेव के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया गया इसमें कटनी भी शामिल है। नागरिकों से अपील की गई है कि तीव्र शीतलहर से बचने के लिए मल्टी लेयर कपड़े पहने। आवश्यक होने की स्थिति में चारदीवारी से बाहर और शहर एवं बस्ती से दूर जाएं। कटनी जिला में दिन के समय भी तीव्र शीतलहर की चेतावनी जारी की गई है। यानी कटनी जिलों के ग्रामीण इलाकों में दिन के समय बर्फीली हवाएं चलेंगी। मध्य प्रदेश के 16 जिलों में पाला पड़ने की संभावना में भी कटनी जिले का नाम है। इस लिहाज से भी जिले में खतरा ज्यादा है विशेष तौर पर किसानों के लिए। मौसम केंद्र भोपाल जिला में पाला पड़ने की चेतावनी जारी की गई। किसानों से अपील की गई है कि पहले के समय खेत की मेड पर धुंआ करें। सूर्यास्त के बाद रात्रि के समय सिंचाई करें। इसके अलावा सल्फर का 2 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। यदि फसल को पाला लग गया है तो उसके तुरंत बाद ग्लूकोन डी 10 ग्राम प्रति लीटर पानी के हिसाब से छिड़काव करें।

### हार्ट अटैक के मामले चार गुना बढ़े

न्यूनतम पारे में गिरावट के साथ ही हार्ट अटैक के मामले बढ़ने लगे हैं। जिला अस्पताल सहित प्रमुख निजि अस्पताल एमजीएम में पिछले एक सप्ताह में हार्ट अटैक के मामले बढ़कर चार गुना हो गए हैं। सामान्य दिनों में यहां की इमरजेंसी में हार्ट अटैक के औसतन दो मरीज ही पहुंचते थे। अब इनकी संख्या आठ से नौ हो चुकी है। कटनी में न्यूनतम पारा अब 3 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे पहुंचने लगा है। इसको देखते हुए डॉक्टरों ने दिल के रोगियों के साथ ही सामान्य व्यक्तियों को भी सावधानी बरतने के लिए कहा है।

## पतझड़ होगा शुरू आक्सीजन लेबल भी घटेगा होगा विशेष ध्यान रखें

अंग्रेजी केलेंडर के अनुसार आज 21 दिसंबर 2021 से सूर्य उत्तरायण हो गए और इसी के साथ शिशिर ऋतु यानी पतझड़ की शुरुआत हो गई। मध्य प्रदेश की तरफ दक्षिण से आने वाली हवाएं बंद हो गई है। उत्तर के हिमालय से हवाएं आ रही हैं। ऋतु परिवर्तन एवं पर्यावरण के कारण ऑक्सीजन लेवल कम हो जाता है। ऐसी स्थिति में कोरोनावायरस संक्रमण के बढ़ने की पूरी संभावना है। डाक्टरो ने इस स्थिति में ठंड पर विशेष ध्यान रखने के लिए कहा है खास तौर पर दिल के मरीजों को या फिर जिनकी इम्यूनिटी कमजोर है। इस दौरान बच्चों के लिए भी सतर्कता का समय है क्योंकि न्यूमोनिया का खतरा बना रहता है। मनुष्यों के लिए ऑक्सीजन प्राप्त करने की दो प्रमुख सोर्स हैं। वृक्षों के माध्यम से और नदी, तालाब एवं समुद्र में मौजूद वनस्पति से। पतझड़ में पेड़ों के पत्ते गिर जाने के कारण ऑक्सीजन का उत्सर्जन कम हो जाता है। नदियों से नियमित रूप से रेत निकालने के कारण वनस्पति समाप्त हो गई है। शहरी इलाकों के आसपास तालाबों की संख्या बहुत कम है। केवल दक्षिण के समुद्र से आने वाली हवाओं में अच्छा ऑक्सीजन लेवल होता है। पतझड़ के मौसम में दक्षिण की हवाई बंद हो जाती हैं। उत्तर से मध्य प्रदेश की तरफ हवाएं आती है। हिमालय की चोटियों पर ऑक्सीजन का कोई सोर्स नहीं है। वहां से होकर आने वाली हवाओं में ऑक्सीजन लेवल कम होता है।

## चित्रकूट में सम्मेलन, कटनी से शामिल हुए सदस्यगण



**कटनी।** अखिल भारतीय कान्य कुब्ज वैश्य महासभा का 39 वां राष्ट्रीय अधिवेशन चित्रकूट, में 18 व 19 दिसंबर 2021 को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एडवोकेट राजेन्द्र गुप्ता भोजवाल जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इसमें कटनी से सदस्य ललित गुप्ता आदि शामिल हुए। 39 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव हुआ, जिसमें कृष्ण दास गुप्ता विजयी घोषित हुये। महासभा के 39वें राष्ट्रीय अधिवेशन में पधारे हुये सभी सम्मानित पदाधिकारीगण, कार्यकारिणी गण, आजीवन सदस्य गण व मातृ शक्तियों को इस सफल आयोजन में एवं यहां पधारने हेतू भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता ने बधाई दीं हैं।

## छात्राओं ने दिखाई गजब की प्रतिभा

### गर्ल्स कालेज में दो दिवसीय युवा उत्सव, प्रश्नमंच, वाद विवाद, भाषण प्रतियोगिता को मिली सराहना

**कटनी।** शहर के शासकीय कन्या महाविद्यालय में 20 एवं 21 दिसंबर को युवा उत्सव के तत्वाधान में साहित्यिक रूपांकन एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है । छात्राओं ने आज विभिन्न कार्यक्रमों में गजब की प्रतिभा दिखाई।



जिसके तहत दिनांक 20 दिसंबर को साहित्यिक एवं रूपांकन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। साहित्यिक प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रश्नमंच, वाद विवाद, भाषण प्रतियोगिता एवं रूपांकन प्रतियोगिता के अंतर्गत रंगोली, पोस्टर, कार्टून क्ले मॉडलिंग, स्पॉट पेन्टिंग आयोजित की गई। महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर अपना प्रतिनिधित्व किया।

इन प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राएं महाविद्यालय स्तर में शासकीय कन्या महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगीं । सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं दिनांक 21 दिसंबर 2021 को आयोजित की जायेगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता के मार्गदर्शन में युवा उत्सव प्रभारी श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव एवं डॉ . किरण खरादी द्वारा महाविद्यालय में युवा उत्सव का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जिसमें महाविद्यालय के स्टाफ के रूप में डॉ साधना जैन, डॉ विमला मिंज, डॉ संजयकांत भारद्वाज, डॉ अशोक शर्मा, डॉ प्रतिमा सिंह, श्रीमती रिचा पाण्डे, श्रीमती श्रृद्धा गुप्ता, श्रीमती प्रियंका सोनी, श्रीमती रत्नेश कुशवाहा, श्रीमती देववती चक्रवर्ती, भीम बर्मन, प्रेमलाल कांवरे एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित थे ।



## मानव एवं गौसेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान

**कटनी।** होप्स ग्रुप के द्वारा मानव सेवा एवं गौसेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए माँ लक्ष्मी गौसेवा समिति के अध्यक्ष सतीश सोनी जी को सम्मानित किया गया है। होप ग्रुप ने कहा कि यह सम्मान हमारी संस्था से जुड़े हुए सभी सदस्यों का है, जिन्होंने सामाजिक कार्य में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अपनी सेवाये दी है। हम सभी को इस सम्मान के लिए धन्यवाद भविष्य में भी हमारी संस्था के द्वारा ऐसे ही मानव सेवा, पशु सेवा एवं अन्य सामाजिक सेवा का कार्य हम सभी के सहयोग से निरंतर जारी रहेगा।

## श्रीमद भागवते बताएं जाएंगे श्रीमद्भागवत के गूढ़ रहस्य व जीवन जीने की कला

**कटनी।** ब्रह्माकुमारी आश्रम गोपाल नगर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा मंगलवार से आयोजन हो रहा है। यह आयोजन 21 दिसंबर से शुरू होकर 28 दिसंबर तक चलेगा। कथा वाचक भागवत रत्न, ज्योतिष एवं भविष्य वक्ता छत्तीसगढ़ से पहुंचे अनमोलमणि महाराज होंगे। उन्होंने आयोजन के संबंध में जानकारी दी। कहा कि मंगलवार को तुलसी नगर से भव्य शोभायात्रा निकलेगी। आयोजन स्थल पर पहुंच कर शोभायात्रा संपन्न होगी। बैठकी व देव पूजन के बाद श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ होगी। भागवत कथा में गूढ़ रहस्य पर प्रवचन होंगे। इस दौरान और विशेष प्रसंगों को बताया जाएगा। भगवान ने जो लीलाएं की हैं उन लीलाओं के मार्मिक रहस्यों पर चर्चा होगी। आयोजन को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। उक्त जानकारी भगवती बहन व बीके श्रष्टि ने दी। बीके श्रष्टि बहन ने बताया कि 21 दिसंबर को कलशयात्रा, कलश स्थापना, आत्मदेव, गौकरण, धुंधकारी की कथा होगी। 22 दिसंबर को भागवत महात्मय, राजा पारीक्षित चरित्र, 23 दिसंबर को ध्रुव चरित्र, अजामिलोपाख्यान, 24 को समुद्र मंथन, प्रहलाद चरित्र, नृसिंह अवतार, वामन अवतार, 25 को श्रीराम चरित्र, श्रकृष्ण जन्म, बाल लीला, 26 को गोवर्धन पूजा, अन्नकूट, रासलीला प्रसंग, कंस वध, 27 को रुकमणि विवाह, झांकी उत्सव, द्वारिका लीला, 28 को सुदामा प्रसंग, भागवत धर्म का निरूपण, हवन व महाभंडारा होगा। कथा शाम 3 से 6 बजे तक होगी।



## राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए विकास चयनित

**कटनी।** नेहरू युवा केन्द्र कटनी युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन 12 जनवरी से 16 जनवरी तक पांडिचेरी हिमांचल प्रदेश में किया जाना है। कटनी जिले से विकास यादव एवं हेमंत सेन व सतीश मोगरे का चयन किया गया है। यह रसष्ट्रीय युवा महोत्सव में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। खास बात यह है कि हिमांचल प्रदेश में होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे।

## आचार्य कुलरत्न भूषण महराज के सानिध्य में विद्यावाटिका में पौधारोपण

## पौधे लगाना और बचाना हमारी संस्कृति में शामिल

**कटनी।** कटनी। दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र बहोरीबंद में विराजमान कर्नाटक केसरी संस्कार प्रणेता 108 आचार्य श्री कुलरत्न भूषण जी के सानिध्य में तीर्थ क्षेत्र कमेटी द्वारा संचालित विद्यावाटिका में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर आचार्य श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि तीर्थंकर हो, आचार्य हो, साधु हो, संत हो, किसान हो, जवान हो, हर व्यक्ति को जीने के लिए ऑक्सीजन की जरूरत है। ऑक्सीजन देने वाली कोई संपत्ति इस दुनिया में है तो वह पौधे। अन्न के बिना हम 100 साल तक जी सकते है। पानी के बिना हम 30 दिन तक जी सकते है परन्तु ऑक्सीजन के अभाव में एक मिनट में जीवन का अंत हो सकता है। वृक्ष बचाना और लगाना हमारी संस्कृति है। वर्तमान में वर्षा कम होने का कारण यही है। भारत को अगर समृद्ध भारत बनाना है तो पौधों का पालन पोषण करना जरूरी है। आज विद्यावाटिका में बहोरीबंद जैन समाज, जैन यत्र समाज, बाकल, निवार, पहाड़ी, कटनी जैन समाज ने मिलकर पूर्व एसडीएम विनय जैन के सहयेग से पौधारोपण किया। कार्यक्रम में तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष राजकुमार जैन, राकेश जैन कक्का ने संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नवयुवक मंडल बहोरीबंद के सदस्य नितेश जैन, सोहम जैन, शुभ जैन, प्रथम जैन, अद्वितीय जैन, डब्बू जैन, बालिका मंडल पहाड़ी ने सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत जैन ने किया। संजय जैन बाकल ने गीत गाकर अपनी प्रस्तुति दी। यहां राजकुमार जैन, राकेश जैन कक्का, मनोज जैन, नरेंद्र जैन, आराधना जैन, संजय जैन सिहोरा, मन जैन, सन्तोष जैन, महेंद्र जैन, विजय जैन, महेंद्र जैन, जितेंद्र जैन, दिनेश जैन, नीरज जैन, मनीष जैन, पूर्वी जैन आदि लोग उपस्थित थे।



नीरज सिनेप्लेक्स में




ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 17 से दोपहर 12,3 एवं 6 बजे से
PUSHPA
(हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।



## नहीं आई मां, शावक मुकुंदपुर सफारी शिफ्ट

**कटनी।** वन अमला मां से बच्चों का मिलन नहीं करवा पा पाया। नन्हें बाघ शावक मां से बिछड़ गए। उन्हें मुकुंदपुर सफारी शिप्ट करवा दिया गया। रीवा से लगभग 27 किमी दूर मुकुंदपुर सफारी स्थित है। यहां पर अब बाघ की देखरेख की जाएगी लेकिन अब बाघ शावक अभी जंगल में नहीं रह पाएंगे। बांधवगढ़ से आए डॉ नितिन गुप्ता की देखरेख में बाघ शावकों को मुंकुंदपुर भेजा गया। वन अमले से मिली जानकारी के मुताबिक बहुत ज्यादा ठंड पड़ रही थी इसलिए इस मौसम में उनकी देखरेख मुश्किल हो रही थी। इस कारण यह फैसला लेना पड़ा।

### बाघिन भूली अपने बच्चों को

विजयराघवगढ़ वन परिक्षेत्र में बाघिन अपने एक शावक के साथ घूम रही थी लेकिन आज भी वह बच्चों से दूर री। वन विभाग इंतजार करता रहा कि वह कोई शिकार करे और कुछ देर रुके तो शायद उसे अपने शावकों का ख्याल आए लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

### बाघिन को रोकने जतन में लगा वन अमला

वहीं बाघिन को रोकने वन अमला तरह-तरह के जतन में लगा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बाघिन को लुभाने वन विभाग द्वारा पाड़ा भी बांधा गया लेकिन बाघिन वहां नहीं पहुंची। लाख जतन के बाद भी बाघिन नहीं आई।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 4 शो ता. 16 से 1,4,7 एवं रात्रि 10 बजे से (हिन्दी में)
SPIDERMAN
(NO WAY HOME )
कलाकार
टॉम हालैंड, जेमी फॉक्स, हैरी हालैंड, अल्फ्रेड, मोलीना आदि।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 4 शो दोपहर ता. 17 से 12, 3 ,6, एवं रात्रि 9 बजे से (हिन्दी में)
PUSHPA (THE RISE)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

## जानलेवा बने स्पीडब्रेकर



*कटनी।* शहर में हाइवे से लेकर गली मोहल्लों की सडक़ों तक ब्रेकर ही ब्रेकर नजर आ रहे हैं। हद तो यह हो गई है कि कुछ स्थानों पर महज कुछ मीटर की दूरी पर ही कई स्पीड ब्रेकर लगा दिए गए है। वीआईपी मार्ग पर 200 मीटर में ननि ने पांच स्थानों पर स्पीड ब्रेकर हैं तो वहीं ईएसली चौक से राजपाल चौके के बीच महज एक किलोमीटर की दूरी में दर्जनभर ब्रेकर लगे हैं। अब जगह- जगह बनाए गए ये स्पीड ब्रेकर हादसों का कारण बन रहे हैं। शहर की सडक़ों पर बिना तकनीकी और मापदंड के मनमानी ढंग से ब्रेकर लगाए जा रहे हैं। इन ब्रेकर्स को पार करने के दौरान वाहन सवार अनियंत्रित होकर गिर रहे हैं। जानकारों की मानें तो स्पीड ब्रेकर्स के निर्माण में आरआरसी के नियमों की अनदेखी की गई है। इन स्पीड ब्रेकर्स का निर्माण करने वाले ठेकेदारों को नियमों की कोई जानकारी ही नहीं है।

## सराहनीय पहल: आनंदम स्थल पर उपलब्ध कराए गर्म कपड़े

कटनी।

जरुरतमंदों की आम जरुरतों को पूरा करने जिला प्रशासन द्वारा आनंदम स्थल-सौगात का घर संचालित किया जा रहा है। पुरानी कचहरी, एसडीएम कार्यालय परिसर में संचालित इस आनंदम स्थल में गरीब, बेसहारा तथा जरुरतमंदों के लिये नागरिकों के सहयोग से गरम कपड़े उपलब्ध कराये गये हैं। नागरिकों द्वारा इस कार्य में भरपूर सहयोग कर अपनी सहभागिता की जा रही है। जिसके तहत वे अपने घरों से लोगों की सहायता के लिये गरम कपड़े लाकर आनंदम स्थल में जरुरतमंदों की सहायता के लिये दे रहे हैं। इस कार्य को लेकर जहां लोग इस कार्य की प्रशंसा कर रहे हैं, वहीं इससे जरुमंदों की आम जरुरतें भी पूरी हो रही हैं। सोमवार को प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर विभा श्रीवास्तव और उनके पुत्र अभिषेक ने भी आनंदम संस्थान में गर्म कपड़ों और साधारण कपड़े उपलब्ध कराये हैं। वहीं शिक्षक माया गुप्ता एवं प्रभाकर राव ने भी पुस्तकों सहित अन्य सामग्री भी आनंदम संस्थान में उपलब्ध कराई है। आनंदम संस्थान में उपलब्ध यह सामग्री जरुरतमंद नागरिक नि:शुल्क प्राप्त कर उनका उपयोग कर सकते हैं। इस स्थल में सिर्फ कपड़े ही नहीं, बल्कि लोगों के घरों में बेकार या गैर जरुरी सामग्री भी उपलब्ध कराई जा रही है। डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल कांबले ने बताया कि यदि हो आवश्यकता से अधिक या बेकार, वो काम आयेगा दूसरों के परिवार, इस थीम पर यह संस्थान संचालित किया जा रहा है। जहां नागरिक उनके घरों से भोजन के साथ ही खिलौने, पुरानी किताबें, जूते, गरम कपड़े आदि सामग्री स्थल में छोड़ सकते हैं। नागरिकों द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री जरुरतमंदों को नि:शुल्क उपलब्ध कराई जायेगी।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 21 दिसम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# आचार संहिता के कारण पहले से शुरू निर्माण कार्यों पर रोक नहीं

## प्रशासक एवं ग्राम पंचायत सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से होगा राशि का आहरण

**407 ग्राम पंचायतों के लिए 42 एडीईओ एवं पीसीओ नियुक्त**



**कटनी।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के आदर्श आचार संहिता के अनुसार आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने की दशा में ग्राम पंचायतों में प्रगतिरत कार्य यथावत् जारी रहेंगे। ऐसे कार्यों से संबंधित भुगतान के लिये ग्राम पंचायतों के खातों का संचालन ग्राम पंचायत सचिव एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक कलेक्टर द्वारा नामांकित अधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से किये जाने के निर्देश है। निर्देशों के परिपालन में जनपद पंचायतों द्वारा ग्राम पंचायत के प्रस्तावित प्रशासक सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त हस्ताक्षर से राशि के आहरण संवितरण के कार्य के लिये प्रस्ताव प्राप्त किये गये हैं। जिसके तहत जनपद पंचायतों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार जिले की समस्त ग्राम पंचायतों के खातों के संचालन के लिये ग्राम पंचायत सचिव के साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रगतिरत कार्यों के भुगतान के लिये आहरण संवितरण अधिकारी नियुक्त करते हुये कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने आदेश जारी किया है।

इस आदेश के तहत जिले के सभी जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली 407 ग्राम पंचायतों के लिये 42 एडीईओ एवं पीसीओ को नियुक्त किया गया है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रगतिरत कार्यों के भुगतान के लिये आरहण संवितरण कार्यवाही संपादित करेंगे तथा पुराने भुगतान की कार्यवाही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के अनुमोदन पश्चात करेंगे। वहीं सीईओ जनपद पंचायत बड़वारा, बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा, कटनी, रीठी एवं विजयराघवगढ़ को निर्देशित किया गया है कि वे उनके क्षेत्र में नियुक्त संबंधित अधिकारियों को आवंटित ग्राम पंचायतों के अनुसार संयुक्त हस्ताक्षर से पंचायत के वित्तीय आहरण संवितरण की कार्यवाही संपादित करते हुये भुगतान के अभिलेख का संधारण अनिवार्य रुप से करायें।



## बीतते साल 2021 में एनकेजे विद्युत लोको शेड को मिली उपलब्धि

# शंटिंग के लिए बनाया बैटरी एवं ओएचई चलित लोकोमोटिव

**इलेक्ट्रिफिकेशन के बाद वरदान साबित होगा, दिल्ली में मिली सराहना**

**कटनी।** पश्चिम मध्य रेल द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। इसी दिशा में उल्लेखनीय कार्य करते हुए विद्युत लोको शेड न्यू कटनी जंक्शन द्वारा शंटिंग का कार्य करने हेतु बैटरी एवं ओएचई चलित ड्यूल मोड शंटिंग लोकोमोटिव का निर्माण किया गया है। पश्चिम मध्य रेल के डब्ल्यूएजी-5 नवदूत बैटरी एवं ओएचई चलित ड्यूल मोड शंटिंग लोकोमोटिव के डिजाइन को रेलवे बोर्ड द्वारा अवार्ड दिया गया है। इस बैटरी एवं ओएचई चलित ड्यूल मोड शंटिंग लोको को जबलपुर, कटनी, कटनी मुड़वारा और अन्य बड़े स्टेशनों पर उपयोग में किया जा रहा है। यह पूर्णतः डीजल रहित लोको है। यह ड्यूल मोड शंटिंग लोको पश्चिम मध्य रेल के शत प्रतिशत इलेक्ट्रिफिकेशन के लिए वरदान साबित हो रहा है। इसके साथ ही अभी हाल में ही नई दिल्ली में आयोजित आईआरईई 2021 प्रदर्शनी में इस बैटरी एवं ओएचई चलित ड्यूल मोड लोकोमोटिव नवदूत के डिजाइन को अन्य जोनल रेलवे द्वारा खूब सराहना मिली। विशेषकर दक्षिण रेलवे द्वारा इसकी अलग से तारीफ की गई और डिजाइन की मांग भी की गई।

### बैटरी चलित ड्यूल मोड शंटिंग लोकोमोटिव की खासियत

डब्लूएजी-5 लोकोमोटिव पूर्णतः इलेक्ट्रिक एवं बैटरी ड्यूल मोड शंटिंग लोकोमोटिव है। 25 केवी एसी ओएचई के तहत दो मोड यानी ओएचई मोड में संचालित होता है और 25 केवी ओएचई उपलब्ध नहीं होने पर ट्रैक्शन बैटरी, बैटरी मोड चार्ज करेगा। 25 केवी ओएचई के तहत, 4 ट्रैक्शन मोटर के साथ लोको काम करता है। ट्रैक्शन मोटर्स कर्षण बैटरी से 110 डीसी वोल्टेज के साथ काम करेगी। इस लोकोमोटिव की ओएचई मोड में अधिकतम गति 35 किमी/घंटा और बैटरी मोड में 15 किमी/घंटा है। अतिरिक्त सुरक्षा के लिए कर्षण बैटरी को ओवरलोडिंग एवं ओवरचार्जिंग की सुविधा प्रदान की गई है। दोनों कैब में ड्राइवर के डेस्क पर तापमान रीडिंग के लिए बैटरी बैंक के तापमान की निगरानी के लिए उपयोग की जाने वाला उपयुक्त तापमान सेंसर रहता है। चालक ओएचई के माध्यम से लोको को बैटरी मोड में पैंटोग्राफ स्विच, एमपी और डीजे निष्क्रिय नहीं कर सकता है। वोल्टेज और ट्रैक्शन बैटरी बैंक का करंट ट्रैक्शन और चार्जिंग के दौरान किसी भी क ैब में प्रदर्शित होता है। ड्यूल मोड शंटिंग गुड्स यार्ड, साइडिंग और शंटिंग अपरेशन में लास्ट माइल अपरेशन में बेहतर परिचालन सुगमता प्रदान करता है, जो गैर-विघुतीकृत, वायु और ध्वनि प्रदूषण से मुक्त है।



# कचहरी चौक में बेतरतीब पार्किंग बनी मुसीबत

**कईयों बार बन रही जाम की स्थिति, राहगीरों के साथ ही स्कूली बच्चे हो रहे परेशान**

**कटनी।** कचहरी चौक में बेतरतीब पार्किंग अब मुसीबत बनता जा रहा है। आलम यह है कि इस मार्ग पर दिन में कईयों बार जाम की नौबत आ रही है। यहां वैसे तो पुलिस कर्मी की तैनाती की जाती है, लेकिन उसके द्वारा भी बेतरतीब खड़े वाहनों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। शहर का अति व्यस्ततम मार्ग होने के चलते यहां दिन के समय लोगों का जमावड़ा लगा रहता है। पंचायत चुनाव के चलते इस समय नेताओं की भीड़ जनपद पंचायत में नाम निर्देशन पत्र जमा करने के लिए आ रही है। जिसके चलते इनके वाहन कचहरी चौक पर सड़क में खड़े हो रहे हैं और जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। गौरतलब है कि रेलवे स्टेशन के साथ ही उपनगरीय क्षेत्र एनकेजे जाने के लिए इस मार्ग का उपयोग होता है। कचहरी चौक में ही एमजीएम हॉस्पिटल, फारेस्टर प्लेग्राउण्ड और सेंटपाल स्कूल है। सेंटपॉल स्कूल की छुट्टी दोपहर करीब डेढ़ बजे होती है। जिसके बाद यहां से आवागमन बेहद कष्टदायक हो जाता है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों से कार्यवाही की अपेक्षा की गई है। जिससे कचहरी चौक से आवागमन सुचारू रूप से हो सके।

## जबलपुर संभाग की टीम में कटनी से लकी और विजेन्द्र का चयन





**कटनी।** इंदौर में खेली जाने वाली अंडर 13 बालक अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग ने अपनी टीम घोषित कर दी है। टीम में कटनी जिले के लकी मेहरा एवं विजेन्द्र सिंह का चयन किया गया है। विदित हो कि लकी ने सिवनी के खिलाफ 156 रन एवं विजेंद्र सिंह ने 6 विकेट लिए थे। दोनो कटनी के निवासी है। उनके चयन के लिए जिला क्रिकेट संघ के राय प्रताप सिंह, राजेश डेविड, रमन सेठी, मुकेश कृपलानी, विकास रजक, विभाष पाटिल, विनीत बघेल, एम बैनर्जी, उत्पल चटर्जी, राकेश सोनी ने बधाई दी ।

## क्रिसमस संध्या में बच्चों ने दी ब्लेसिंग बॉयज की शानदार प्रस्तुति





**सीएनआई चर्च में गीत-संगीत का आयोजन**

**कटनी।** स्थानीय एस एस फिलिप एन्ड जेम्स चर्च सीएनआई कटनी में क्रिसमस पर्व के अवसर पर गीत-संगीत संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्रिसमस पर आधारित गीत एवं नाट्य प्रस्तुति की गई। लगभग दो घंटो से भी ज्यादा चले इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में मसीही धर्मावलंबियों जनों ने आनन्द उठाया। प्रभु यीशु के जन्म पर आधारित संडे स्कूल के बच्चों की नाट्य प्रस्तुती, ब्लेसिंग बॉयज की नाट्य प्रस्तुति, महिला सभा एवं युवा सभा की गीत प्रस्तुति बहुत सराही गई। कार्यक्रम में शेफाली मसीह, आकाश, रिधिमा होरो, अंशिका मसीह, मिशका जैकब, शमूएल, शेरोन मसीह, ऑस्टिन, आयुष, स्तेर लाल, आराध्या, तिग्गा, जैसन, अभिषेक, एलिना, सबरीना, एंजेल, शेरेना बक्स, अलियाना, अलेक्स, शेरीन, महिमा, गोलू भास्कर आदि ने भाग लिया। खुशी, अभिषेक, सामर्थ द्वारा संगीत संचालन, दीपा एवं राजा मैथ्यूस द्वारा मंच संचालन, रोजलिन एंड्रयूज द्वारा नृत्य निर्देशन, राखी मसीह एवं अंकिता एंड्रयूज द्वारा नाट्य निर्देशन में सहयोग किया गया।

# ध्यान रहे, जिस मतदान केन्द्र की वोटिंग मशीन उसमें ही पहुंचे

## माधवनगर एक्सीलेंस में ट्रेनिंग, मास्टर ट्रेनर्स ने मतदान कर्मियों को बताई बारीकियां



**कटनी।** पंचायत चुनाव की तैयारियां चरम पर पहुंच गई हैं। पहले और दूसरे चरण के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल होने के बाद अब प्रशासन मतदान कर्मियो को प्रशिक्षण देने में जुट गया है। मतदान दलों के कर्मचारियों को चुनाव की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है। कर्मचारियों से कहा गया है कि चुनाव में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। मास्टर ट्रेनर्स ने ईवीएम वैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट का परीक्षण करने, अभ्यर्थी सेट करना, ईवीएम को सील करने सहित अन्य जानकारियों से अवगत कराया। साथ ही आरओ स्तर कैसे सीलिंग होगी और जिस मतदान केन्द्र की ईवीएम है, वो उसी में ही पहुंचे इसका ध्यान रखने संबंधी बारीकियां बताई।

मतदान व मतगणना के बाद ईवीएम के डीएमएम की सीलिंग, मशीन का डाटा सुरक्षित रखने संबंधी जानकारी भी अधिकारी, कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर्स ने दी। त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 में प्रथम चरण में जिले में बहोरीबंद व रीठी जनपद पंचायत में मतदान होना है। नाम निर्देशन के प्रक्रिया जारी है और इस बीच निर्वाचन के लिए आवश्यक तैयारी को लेकर अधिकारी, कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। सोमवार को जिले की बहोरीबंद व रीठी जनपद पंचायत में ईवीएम की कमीशनिंग में संलग्न किए गए अधिकारी, कर्मचारियों को तैयारी संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने प्रशिक्षण में पहुंचकर कमीशनिंग कार्य में लगे अधिकारी, कर्मचारियों को राज्य निर्वाचन आयोग निर्देशों की जानकारी दी और ईवीएम की तैयारी की बारीकियों से परिचित कराया। शासकीय उत्कृष्ट स्कूल माधवनगर में आयोजित ईवीएम कमीशनिंग प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर मुकेश द्विवेदी, अभय जैन ने अधिकारी, कर्मचारियों को ईवीएम की तैयारी के संबंध में जानकारी दी और बारीकियां बताई।

## निर्देशों का पालन करते हुए पूरी कराएं निर्वाचन प्रक्रिया

**निर्वाचन प्रेक्षक ने रीठी में कहा**

**कटनी।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी नागेन्द्र प्रसाद मिश्रा को प्रेक्षक नियुक्त किया है। प्रेक्षक श्री मिश्रा 10 जनवरी तक जिले में रहकर निर्वाचन कार्य का पर्यवेक्षण करेंगे। सोमवार को प्रेक्षक श्री मिश्रा ने रीठी और कटनी जनपद पंचायत क्षेत्र का निरीक्षण किया और निर्वाचन संबंधी कार्य की जायजा लिया। श्री मिश्रा ने अपने निरीक्षण के दौरान उन्होने जनपद में आरओ व एआरओ से निर्वाचन कार्य के संबंध में की जा रही गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि जारी होने वाले नवीन निर्देशों का भी समय-समय पर अवलोकन करते रहें। प्रेक्षक श्री मिश्रा ने नाम निर्देशन पत्र जमा करने के साथ जनपद स्तर पर चल रही अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने निर्वाचन संबंधी कार्य भी देखा और मौके पर मौजूद अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः- 230033

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**

**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**

**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**

**मो. 8109417340**

### सूचना

सूचित किया जाता है कि राहुल दाहिया आयु लग. 29 वर्ष पिता श्री विनोद कुमार दाहिया निवासी प्रेम नगर, रफी अहमद किदवई वार्ड कटनी तह. व जिला कटनी म.प्र. मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूँ। यह कि मेरा नाम राहुल कुमार दाहिया एवं राहुल दाहिया है तथा मुझे दोनों ही नाम से जाना व पहचाना जाता है तथा दोनों नाम मुझ एक ही व्यक्ति के हैं। यह कि मेरी 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची में मेरा नाम राहुल कुमार दाहिया दर्ज है लेकिन मेरे अन्य समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम राहुल दाहिया है। यह कि मुझ शपथकर्ता को वर्तमान में समस्त दस्तावेजों राहुल दाहिया के नाम से जाना, पहचाना एवं पढ़ा व लिखा जावे जिस संबंध में यह सूचना प्रकाशित है।

**एम.जी.एम. हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर**

त्वचा, गुप्त एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ

**डॉ. हितेश लोकवानी**

एम.बी.बी.एस., एम.डी. , डरमेटोलॉजिस्ट एवं कॉस्मेटोलोजिस्ट

(दिनांक 25/12/2021) समय प्रातः 11:00 बजे से 03:00 बजे तक)

**।। उपलब्ध उपचार ।।**

कील एवं मुहासों का इलाज, गंजेपन का इलाज, सोरायसिस का इलाज, मस्से एवं तिल का इलाज, काले दाग एवं सफेद दाग का इलाज, स्किन ग्लो एवं झाईयों का इलाज, बालों के झड़ने का इलाज (पुरूष/महिला), अनचाहे बाल लेजर से हटाना (शरीर के किसी भी अंग से), बाली से कटा कान जोड़ना बिना टांके, बिना पट्टी मशीन द्वारा जोड़ना

**हर माह के चौथे शनिवार को प्रातः 11 बजे से 3:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।**

नोटः असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।

# कांग्रेस ओबीसी वर्ग की पक्षधर षड़यंत्र के खिलाफ करंगे संघर्ष

## रोटेशन प्रणाली और परिसीमन को लेकर कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में लगाई थी याचिका

कटनी। प्रदेश में हो रहे पंचायत चुनाव को लेकर माननीय सुप्रीम कोर्ट ने अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को समाप्त कर चुनाव कराने का निर्देश दिया है। मध्यप्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार ने एक बार फिर अदालत में अपना ओबीसी विरोधी चेहरा पेश किया है। अगर मध्यप्रदेश सरकार जोरदार तरीके से माननीय न्यायालय में ओबीसी वर्ग का पक्ष रखती तो आरक्षण समाप्त होने की नौबत नहीं आती। माननीय उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के मामले का हवाला देते हुए प्रदेश के पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण को निरस्त किया है। कांग्रेस शुरू से ही ओबीसी आरक्षण की पक्षधर रही है और प्रदेश सरकार माननीय उच्चतम न्यायालय में ओबीसी वर्ग के हितों को सही तरीके से नहीं रख सकी। जिसके चलते आरक्षण निरस्त होने के फैसले से अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को गहरा धक्का पहुंचा है। यह बात जिला शहर कांग्रेस कमेटी शहर और ग्रामीण द्वारा सराफा बाजार स्थित कार्यालय में आयोजित की गई पत्रकारवार्ता में शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन ने कही। श्री जैन ने कहा कि भाजपा और आरएसएस की सोच हमेशा से आरक्षण को समाप्त करने की रही है। अपने षड्यंत्र, गलतियों और अन्य पिछड़ा वर्ग विरोधी चरित्र को छुपाने के लिए बीजेपी कांग्रेस पर झूठे इल्जाम लगा रही है। ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष गुमान सिंह ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2019 में हुए आरक्षण और परिसीमन को समाप्त किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने कोर्ट में याचिका लगाई थी। बीजेपी सरकार द्वारा कांग्रेस सरकार में हुए आरक्षण और परिसीमन को निरस्त करते हुए वर्ष 2014 में हुए आरक्षण और परिसीमन को लागू किया था। कांग्रेस ने पंचायत चुनाव की प्रक्रिया के असंवैधानिक पक्षों का विरोध किया था और उन्हें सार्वजनिक किया था। सुप्रीम कोर्ट ने भी राज्य निर्वाचन आयोग से यही बात कही है कि चुनाव में संवैधानिक प्रक्रिया का पालन किया जाए।



ओबीसी आरक्षण निरस्त किए जाने को लेकर कांग्रेस की पत्रकारवार्ता

### सुप्रीम कोर्ट में ओबीसी का पक्ष क्यों नहीं रखा सरकार ने

पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय पटेल ने कहा कि उच्चतम न्यायालय में पक्षकारों ने रोटेशन प्रणाली पर सवाल उठाया था, जो कि ओबीसी आरक्षण से भिन्न विषय था। इस विषय को लेकर भाजपा के नेता गलतबयानी कर रहे हैं। जब माननीय सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण खत्म करने का फैसला सुनाया तो यह प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी थी कि वह आरक्षण के समर्थन में उचित तर्क माननीय न्यायालय में पेश करती लेकिन ऐसा नहीं किया गया। कांग्रेस नेता प्रशांत जायसवाल ने कहा कि बीजेपी सरकार का ओबीसी विरोधी रवैया पहली बार सामने नहीं आया है, इसके पहले नौकरियों में आरक्षण के मामले में हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई में भी सरकार की ओर से वकील पेश नहीं हुए और मामले की सुनवाई अनिश्चितकाल के लिए टल गई। कांग्रेस नेता शिवकुमार यादव ने कहा कि 2003 में जब कांग्रेस की सरकार ने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया था, तब भी भाजपा सरकार ने अदालत में ढंग से पैरवी न करके आरक्षण को समाप्त हो जाने दिया था। 2019 में जब कमलनाथ सरकार ने एक बार फिर ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया, तो उसे भी समाप्त कराने के लिए भाजपा सरकार जानबूझकर उच्च न्यायालय में सही तरीके से पैरवी नहीं कर रही है। पत्रकारवार्ता में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सोनी एवं कांग्रेस नेता सुधीर पटले भी उपस्थित रहे।

## निर्वाचन प्रेक्षक से सर्किट हाउस में कर सकेंगे मुलाकात

कटनी। पंचायत निर्वाचन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी नागेन्द्र प्रसाद मिश्रा को प्रेक्षक नियुक्त किया है। लाइजनिंग आफीसर अशोक मिश्रा ने बताया कि सर्किट हाउस माधवनगर के कक्ष क्रमांक 4 में प्रेक्षक सुबह 10 बजे से 11 बजे तक मुलाकात की जा सकेगी। अभ्यर्थी, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि,नागरिक निर्वाचन संबंधी किसी शिकायत, समस्या को लेकर मुलाकात कर सकेंगे।

## अंडर 16 क्रिकेट टीम में में अपर्णा गुप्ता चयनित



कटनी। ग्वालियर में खेली जाने वाली अंडर 16 महिला अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग ने अपनी टीम घोषित कर दी है। टीम में कटनी जिले की अपर्णा गुप्ता का चयन किया गया है। वह कटनी जिले की बरही की निवासी है। उनके चयन के लिए जिला क्रिकेट संघ के राय प्रताप सिंह, राजेश डेविड, रमन सेठी, मुकेश कृपलानी, विकास रजक, विभाष पाटिल, विनीत बघेल, एम बैनर्जी, उत्पल चटर्जी, राकेश सोनी ने बधाई दी।



## डीपीएस को मिला बेस्ट को-एड डे स्कूल का पुरुस्कार

कटनी। बीते 18 दिसम्बर को लीला अम्बिएंस गुडगाँव हरयाणा में एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रेंकिंग्स के पुरुस्कारों की घोषणा की गई। उत्कृष्ट शिक्षा संगठनात्मक श्रेणी में दिल्ली पब्लिक स्कूल को कटनी के बेस्ट को-एड डे स्कूल हेतु नामांकित किया गया। उपरोक्त पुरुस्कार के लिए जो मापदंड तय किये जाते हैं उनमें अकादमिक रेपुटेशन, फैकल्टी कोम्पितंस, लीडरशिप क्वालिटी, स्पोर्ट्स एजुकेशन आदि शामिल हैं।

डीपीएस कटनी के निदेशक अनुराग जैन एवं प्रबंध निदेशिका जूही जैन को भी इस समारोह में आमंत्रित किया गया था। उनकी ओर से दिल्ली पब्लिक स्कूल की वाईस प्रिंसिपल शबनम अख्तर ने यह पुरुस्कार प्राप्त किया। पुरुस्कार प्राप्त करने के उपरांत शबनम अख्तर ने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा इस पुरस्कार को अभिभावकों एवं स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं को समर्पित किया।

## पूर्णेश उइके बने लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष

कटनी। म. प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ की प्रांतीय प्रबंध समिति की अनुशंसा व अजय दुबे संभागीय अध्यक्ष जबलपुर की सहमति से पूर्णेश कुमार उइके को म. प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला कटनी के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। श्री उइके को संघ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर कर्मचारी साथियों एवं संघ के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई प्रेषित की है।

## गायत्री योगानुसंधान केंद्र की कार्यकारिणी गठित

### मनोज नौगरहिया अध्यक्ष बने, गोपाल कृष्ण योगगुरु मनोनीत

कटनी। गायत्री योगानुसंधान केंद्र सुक्खन उस्ताद अखाड़ा मे मुख्य निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता सुखविंदर सिंह एवं निर्वाचन अधिकारी प्रेमनारायण सोनी के दिशानिर्देशों पर संस्था के विधिसम्मत चुनाव संपन्न कराये गये। जिसमें मनोज नौगरहिया अध्यक्ष निर्वाचित हुए है। उपाध्यक्ष देवेन्द्र रायए सचिव पद पर आनंद सुहाने, कोषाध्यक्ष रामनरेश विश्वकर्मा एवं अनिलकुमार गर्ग मीडिया प्रभारी तथा प्रवक्ता निर्वाचित हुये है। संस्था की कार्यकारिणी आगामी तीन वर्षों तक अपनी सेवाएं देते हुये संस्था का कार्य निर्वाहन करेगी। विगत दिवस संस्था के संस्थापक श्याम सुंदर गुरूजी के देवलोक गमन के पश्चात गोपाल कृष्ण अग्रवाल को योग गुरु के पद पर सर्वसम्मति से आसीन किया गया था। इस प्रकार संपूर्ण पदाधिकारी 9 जनवरी को अपने पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण करेंगे। इस निर्वाचन प्रक्रिया में केदार प्रसाद सुहाने, सुनील दुबे, रमेश वाधवानी, पुन्नु लाल नामदेव, कुलदीप बिचपुरिया, शंकर साहू, सतीश पटेल, शरद सेठिया, झग्गू सोनी आदि सदस्यों की गरिमा मयी उपस्थित थी।





## कवियत्री राणा तबस्सुम की उपस्थिति में काव्यगोष्ठी

कटनी। आज गुलशन-ए-तहज़ीब संस्था द्वारा शहीद स्मारक भवन में देश की ख्यातिलब्ध कवियत्री सुश्री राणा तबस्सुम मुंबई के मुख्य आतिथ्य एवं मप्र कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रवक्ता विक्रम खम्परिया, दैनिक यशभारत के चीफ एडिटर आशीष सोनी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला, समाजसेवी मुस्ताक भाई एवं राजा जगवानी की विशेष उपस्थिति में लघु काव्य गोष्ठी का आयोजन जनाब मारूफ अहमद हनफी के संचालन में संपन्न हुआ। काव्य गोष्ठी में कवियत्री राणा तबस्सुम के साथ विक्रम खम्परिया, आशीष सोनी एवं मारूफ अहमद ने काव्यपाठ किया। इस अवसर पर अरविंद गुप्ता, संजय खरे, शेख सिकंदर, रामचरन, कमल, जाहिद हुसैन, बाबू इरफान खान, ईश्वरी प्रसाद पुरवार, शौकत नियाजी, के. एल. कनकने, जारिक खान, रानी खान, नावेद सिद्दीकी, प्रमोद खम्परिया, श्रीमती लता खरे, रानी बानो आदि उपस्थित रहे।



## स्टेप अकैडमी में समरस्ता समारोह

कटनी। स्टेप अकैडमी विद्यालय में समरसता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय प्रबंधन द्वारा चालक, चौकीदारों, परिचारिका लोगों एवं सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए श्रीफल भेंट किया गया। समरसता कार्यक्रम के साथ साथ विद्यार्थियों को रामायण के महत्व को समझाने के उद्देश्य से रोल प्ले प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में सामाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए विशिष्ट व्यक्तियों ने उपस्थिति दर्ज करायी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का सहयोग रहा।

## अमृत महोत्सव के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र में निबंध एवं लेखन प्रतियोगिता का आयोजन



कटनी। नेहरु युवा केंद्र कटनी युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालयए भारत सरकार के तत्वाधान में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत शीर्षक 1द्ध स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायक, 2047 में मेरे सपनों का भारत पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाद्य जिसमे जिले के समस्त 6 विकासखंड बड़वारा, रीठी, विजयराघवगढ़, बडवारा, बहोरीबंद, कटनी से 15-29 वर्ष के 22 युवाओं ने भाग लिया। नेहरु युवा केंद्र संगठन मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा गठित 3 सदस्यी समिति ने मेरिट के आधार पर तीन सर्व श्रेष्ठ निबंधो का चयन किया जिन्हें राज्य कार्यालय भोपाल भेजा जाएगा। समिति में सुश्री कीर्तिका कुहर जिला युवा अधिकारीए नेहरु युवा केंद्र कटनी अध्यक्ष, श्रीमती सुनीता रायजादा, व्याख्याता, डायमंड हायर सेकेंडरी स्कूल, कटनी सदस्य द्वय डॉ. रमेश सिंह, उच्च माध्यमिक शिक्षक, शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी सदस्य रहें। राज्य कार्यालय से एक सर्वश्रेष्ठ निबंध का चयन कर नेहरु युवा केंद्र संगठन मुख्यालय, नई दिल्ली भेजा जाएगाद्य जो दिनांक 12-16 जनवरी 2022 तक आयोजित होने वाले 25वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव, पुडूचेरी में प्रदर्शित किया जाएगा।

## शीतलहर से बचाने चिन्हित स्थानों पर जले अलाव


### रैन बसेरा में भी किये गये ठंड से बचाने के इंतजाम





कटनी। वर्तमान में निरंतर पड रही शीत लहर से गरीब, निर्धन एवं जरूरतमंद वर्ग के लोगों के बचाव हेतु जिला कलेक्ट एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरें के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा अलाव एवं रैन बसेरा में रात्रि गुजर की निरंतर व्यवस्था के निरंतर प्रयास किये जा रहे है। अलाव प्रभारी प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि ठंड से बचाव हेतु नगर के विभिन्न स्थलों स्टेशन परिसर के बाहर, कमानिया गेट बजरंग बली मंदिर के पास, विश्वकर्मा पार्क परिसर, कृषि उपज मंडी के सामने, डन कॉलोनी, कटाये घाट मोड, जिला चिकित्सालय परिसर, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला सहित नगर के अन्य स्थलों में अलाव हेतु लकड़ी की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। निगमायुक्त श्री धाकरे के निर्देशन में ठंड से बचाव हेतु खुले आसमान के नीचे सोने वाले नागरिकों तथा जरूरतमंद लोगों को बस स्टेण्ड स्थित न्यू बस स्टेण्ड में रैन बसेरा में निःशुल्क रात्रि विश्राम की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा है। निगम के वाहनों के माध्यम से रैन बसेरा में निःशुल्क प्रदाय की जा रही सुविधा का लाभ अर्जित करने हेतु नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में मुनादी का कार्य भी कराया जा रहा है।

## कड़ाके की सर्दी में सुबह से सफाई में जुटे स्वच्छता दूत





कटनी। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रसासन नगर की सफाई व्यवस्था हेतु चौकन्नी है। निगम के स्वच्छता दूत भी ठंड की परवाह किये बिना नगर की सफाई व्यवस्था में जुटकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने का प्रयास कर रहे है। रत्रिकालीन सफाई अभियान के माध्यम से विगत दिवस बस स्टेण्ड परिसर में अभियान चलाया जाकर परिसर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये गए।

प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम के स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता दूतों द्वारा दो पालियों के माध्यम से नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न स्थलों की सफाई सहित कचरे के उठाव के प्वाइंटों का उठाव कार्यए नाले नालियों की सफाई, डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य सहित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों पर जुर्मानें की कार्यवाही की जाकर घरों एवं दुकानों में डस्टबिन का उपयोग करनें की समझाईश भी दी जा रही है।

प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के तहत उपनगरीय क्षेत्र एनकेजे सब्जी मंडी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के विभिन्न स्थलों, कटाये घाट नदी की सीढियों एवं घाट के आसपास कचरे की सफाई उपरान्त चूनें की लाईनिंग, लल्लू भैया की तलैया परिसर के किनारे की गंदगी की सफाई, शासकीय चिकित्सालय परिसर के अंदर के विभिन्न स्थलों की सफाई उपरान्त प्वाइंट के कचरे के उठाव सहित नगर के विभिन्न मार्गो पन्ना मोडए कुठला मुख्य मार्गए बस स्टेण्ड भट्टा मोहल्लाए मिशन चौक, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे पानी के छिड़काव उपरान्त मार्ग की धूल मिट्टी की सफाई सहित अन्य स्थलों में सफाई का कार्य, डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य किया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये गए। नगर के सार्वजनिक स्थलों के नाले नालियों की सफाई व्यवस्था के तहत लाल बहादुर शास्त्री वार्ड आरिफ भाई जान के घर के पीछे वाली गली की नाली, साधूराम स्कूल के सामने, फारेस्टर वार्ड स्थित रंगनाथ थाना के सामने मुख्य मार्ग की नालियों, कावसजी वार्ड गढडा टोला मलिन वंशकार बस्ती दुर्गा मंदिर के पीछे तथा राजू वंशकार एवं अन्य स्थलों की नालियों की सफाई, मदन मोहन चौबे वार्ड धाऊ चक्की की नालियों के कचरे के उठाव कार्य सहित की नालियों जाकिर हुसैन वार्ड मे सोखता निर्माण एवं समतलीकरण कार्य सहित नगर के अन्य नाले नालियों के अपशिष्ट की सफाई का कार्य कराया जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए।

## नगर के मुख्य मार्ग, चौराहों का होगा डामरीकरण कार्य

### विधायक संदीप जायसवाल की उपस्थिति में पूजन कर कार्यों कराया गया शुभारंभ


कटनी। नगर के मुख्य मार्ग व चौराहों का नगर निगम द्वारा डामरीकरण कार्य कराया जाएगा। शनिवार को मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल की मौजूदगी में भूमिपूजन कर कार्यों का शुभारंभ किया गया। नगर के ओव्हरब्रिज से गर्ग चौराहा, कारगिल चौक होते हुए पुराने कमानिया गेट तक, गणेश चौक से हनुमान मंदिर तक और विश्वकर्मा पार्क से सुभाष चौक, थाना तिराहा, मिशन चौक तक सड़कों का लगभग 61 लाख रुपए की लागत से डामलीकरण (रिन्यूवल कोट) के कार्यों का शुभारंभ विधायक श्री जायसवाल ने पूजन कर किया। विधायक श्री जायसवाल ने नगरनिगम के अधिकारियों से घंटाघर मार्ग के निर्माण की जानकारी प्राप्त की। जिसमें बताया गया कि सीवर लाइन कार्य व अन्य तकनीकी कारणों के चलते यहां सड़क निर्माण नही हो पा रहा हैं। जिस पर श्री जायसवाल द्वारा इस सड़क में लोगों की सुविधा को लेकर पैंचवर्क कराने को निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम के अधिकारियों सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## सुरक्षा उपकरणों के साथ ही करें सफाई कार्य

### नगरनिगम कार्यालय में आयोजित हुई सफाई मित्र प्रशिक्षण कार्यशाला



कटनी। नगर की सफाई व्यवस्था को उत्कृष्ट रखने तथा स्वच्छता मित्रों एवं वार्ड दरोगाओं को सुचारू सफाई व्यवस्था के आवश्यक उपायों से अवगत कराने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम परिसर मे सफाई मित्र प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन नें बताया कि जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के निरंत प्रयास किये जा रहे है। इसी कडी में आज आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला के माध्यम से स्वच्छता मित्रों एवं दरोगाओं को पीपीपी किट एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों के बारे में जानकारी प्रदाय की जाकर इनका उपयोग कर स्वयं की पूर्ण सुरक्षा के साथ सफाई कार्य करने की अपील की गई। सफाई कार्य के दौरान नगर से निकलने वाले गीले, सूखे कचरे को पृथक-पृथक एकत्रित करने नाली एवं सार्वजनिक मार्गो का कचरा अलग अलग सेग्रीगेट करनें व कचरे को आपस में न मिलानें के बारे मे जानकारी प्रदाय की गई।




# मोबाईल एप से ठगी करने वाला गिरोह पुलिस की गिरफ्त में

## कुठला पुलिस को मिली सफलता, फोन पे पर सक्सेसफुल का मैसेज दिखाकर ऐंठ लेते थे रकम

**कटनी।** जिले में हर दिन ठगी के मामले सामने आ रहे हैं। लोग ठगों के जाल में किसी न किसी तरह फंस जा रहे हैं क्योंकि ठग भी बड़ी चतुराई के साथ ठगी कर रहे हैं। इस तरह के बढ़ रहे मामलों को पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने गंभीरता से संज्ञान में लिया और एक गिरोह का पर्दाफाश कराया है। नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला ने बताया कि महेन्द्र अहिरवार निवासी कैलवारा मोड नदी पार कटनी की माया ऑनलाइन दुकान में एक अज्ञात व्यक्ति आकर बोला कि उसके दोस्त का एक्सीडेंट हो गया है। उसके पास नगद रुपये नहीं है। आधार कार्ड से 20 हजार रुपये निकालने की बात की। युवक ने बताया कि आधारकार्ड से 20 हजार रुपये नहीं निकलेगा, तब आरोपी ने कहा कि उसके खाते में पैसे हैं जो वह प्रार्थी की दुकान में लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर 15 हजार 150 रुपये फोनपे के माध्यम से पेमेंट कर के सक्सेसफुली मैसेज प्रार्थी को दिखाया।

पैमेंट डिलेवरी का मैसेज नहीं आने पर प्रार्थी ने आरोपी से पैमेंट नहीं आने की बात कही लेकिन आरोपी सर्वर प्रॉब्लम होने की बात करते हुए युवक को विश्वास में लेकर उससे नगद 15 हजार रुपये लेकर चंपत हो गया। जब युवक को पता चला कि यह तो उसके साथ ठगी हुई है। जिसके बाद 18 दिसंबर को थाना कुठला में एफआइआर कराई। कुठला थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने टीम गठित कर अज्ञात आरोपी के संबंध में प्रार्थी के दुकान में लगे सीसीटीव्ही कैमरे की फुटेज के आधार पर व साइबर सेल से



जानकारी प्राप्त कर तलाश की। आरोपी निशांत द्विवेदी व उसके साथी अतुल गौतम शर्मा दोनों निवासी रीवा को थाना अमदरा जिला सतना के पास एक ढाबे से अभिरक्षा में लेकर थाना लाया। आरोपियों से सख्ती से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकर किया। ये ठग अमरपाटन, मैहर, सतना, कटनी के ऑनलाइन दुकानदारों को मोहरा बनाकर फर्जी मोबाइल एप के जरिये पैमेट करना। अपनी परेशानी बताकर बेईमानी पूर्वक रकम बसूलने की बात बताई। आरोपियों के पास से 15 हजार रुपये एन्ड्राइड मोबाईल फोन व मोटरसाइकिल जप्त की गई है। अरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# अनियंत्रित होकर फिसली बाइक

## युवक घायल, राहगीरों ने पहुंचाया अस्पताल

**कटनी।** विजयराघवगढ़-कटनी मार्ग पर ग्राम भैंसवाही व डिठवारा के बीच तेज रफ्तार मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिसके कारण बाइक सवार युवक गिरकर घायल हो गया। इस संबंध में मिली जानकारी मुताबिक ग्राम हंतला निवासी चेतराम पटेल अपनी मोटरसाइकिल में सवार होकर सरौली मझगवां गया हुआ था। जब युवक वापस अपने गांव हंतला लौट रहा था। उसीदौरान कटनी-विजयराघवगढ़ मार्ग पर ग्राम डिठवारा-भैंसवाही के बीच अचानक रास्ते में जानवर आ जाने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और युवक घायल हो गया। खास बात यह थी कि युवक ने हेलमेट पहना हुआ था अन्यथा किसी बड़ी होनी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता था।

# 5 दिन पहले मिले पॉजीटिव केस की आज मिलेगी ओमिक्रॉन रिपोर्ट

## 15 दिसंबर को 2 और 16 दिसंबर को मिले थे 1 संक्रमित मरीज



**कटनी।** सतर्कता और सावधानी के बावजूद जिले में पिछले एक सप्ताह में तीन लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। देश से लेकर प्रदेश में जहां एक तरफ ओमिक्रॉन से संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है तो वहीं दूसरी तरफ जिले में कोरोना संक्रमण एक बार फिर रफ्तार पकड़ने की स्थिति में नजर आ रहा है। पिछले एक सप्ताह के दौरान तीन मरीजों में संक्रमण पाए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग चिंतित नजर आ रहा है। विभाग ने लोगों से सतर्कता और सावधानी बरतने की अपील की है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वित 15 दिसंबर को दो लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई थी। इनमे एक महिला एवं उनका पुत्र था। इसी तरह 16 दिसंबर को विजयराघवगढ़ क्षेत्र में भी एक व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाया गया था। स्वास्थ्य विभाग ने इन तीनों में ओमिक्रॉन वेरिएंट का पता लगाने के लिए सेम्पल लेकर दिल्ली स्थित लैब में भेजा था, जिसकी रिपोर्ट आज रात तक मिलने की संभावना है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि इसके पहले एक व्यक्ति की ओमिक्रॉन वैरिएंट की रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई थी। डॉ. समीर सिंघई ने कहा कि नए वैरिएंट से बचने के लिए पहले की ही तरह सावधानी बरतने की जरूरत है। चेहरे पर मास्क और सोशल डिस्टेसिंग का ध्यान रखा जाए।

# कैमोर पुलिस ने निभाया बेटे का फर्ज

## टीआई ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए कराया वृद्ध का अंतिम संस्कार

### वृद्धावस्था व बीमारी के कारण नहीं आ सका भाई, भतीजा है दिव्यांग, बेटियां भी नहीं पहुंच सकी



**कटनी।** कैमोर पुलिस ने बुजुर्ग की मौत के बाद परिवार के सदस्यों के न पहुंचने पर मानवता की मिसाल पेश करते हुए अंतिम संस्कार कराया। कैमोर के वार्ड क्रमांक 06 में किराए से रह रहे मूलतः ग्राम कारीतलाई निवासी 80 वर्षीय बुजुर्ग कौशल प्रसाद मिश्रा की सामान्य मृत्यु हो जाने की सूचना के बाद भी परिवार के सदस्य नहीं पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने नेक काम का बीड़ा उठाया और बुजुर्ग का अंतिम संस्कार कराया। वृद्ध की मौत के बाद मकान मालिक और आसपास के पड़ोसियों ने उनके बड़े भाई और दो बेटियों को सूचना दी। बड़े भाई ने खुद वृद्धावस्था का हवाला दिया और बेटियों ने भी किसी कारणवश अंतिम संस्कार में शामिल हो पाने से इंकार कर दिया। स्थानीय नागरिकों ने कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन को जानकारी दी। जिसके बाद टीआई पहले बड़े भाई से मोबाइल पर बात की जिस दौरान बड़े भाई ने खुद को बीमार और अपने बेटे के दिव्यांग होने की जानकारी देकर असमर्थता जाहिर की। इसके बाद टीआई ने मृतक की दोनों बेटियों से संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने भी आने में असमर्थता व्यक्त की।

### मृतक के बेटों की दुर्घटना में हो चुकी है मृत्यु

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के निर्देशन में कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन ने अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक सहायता की और उपनिरीक्षक आर.पी.रावत, प्रधान आरक्षक प्रेम शंकर पटेल एवं आरक्षक अंजनी झा एवं पड़ोसियों के साथ मिलकर बुजुर्ग का अंतिम संस्कार कराया। गौरतलब है कि कौशल प्रसाद मिश्रा ग्राम कारीतलाई थाना विजयराघवगढ़ जिला कटनी के रहने वाले हैं जो कैमोर स्थित एवरेस्ट कंपनी में काम करते थे और सेवानिवृत्ति उपरांत अकेले किराए के कमरे में रहते थे। करीब 3 साल पहले उनकी पत्नी का देहांत हो गया था और दो बेटों की दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी है। थाना प्रभारी के इस पहल की पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने सराहना की है।



# पुलिस व महिला बाल विकास विभाग ने रुकवाया बाल विवाह

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक धर्मशाला में बाल विवाह हो रहा था। सूचना पर कोतवाली पुलिस व महिला बाल विकास विभाग की टीम पहुंची। दस्तावेज देखे। इसमें लड़की की उम्र 18 वर्ष से कम होने पर दोनों ही पक्षों के लोगों को इसे गैरकानून बताया। विवाह करने पर सजा के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। इस पर परिजन माने और बाल विवाह रुक सका।

# शहर में बढ़ी उठाईगिरी व चोरी

## कार का कांच तोड़कर नगदी व आभूषणों से भरा बैग ले गए बदमाश

### पूर्व की घटनाओं में भी पुलिस को नहीं मिली सफलता, नई घटना से पुलिसिंग पर सवालिया निशान

**कटनी।** शहर में उठाईगिरी व दिनदहाड़े बाजार आए लोगों के साथ चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। कोतवाली के अस्पताल रोड क्षेत्र में कार से 50 हजार रूपए व शाहनगर निवासी एक वृद्ध के आटो में सफर के दौरान एक लाख रूपए पार होने की घटनाओं में पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी तो दूर उनका सुराग भी नहीं लगा पाई थी कि कल सोमवार को दिनदहाड़े बरही रोड स्थित अभया होटल के पास खड़ी एक कार का कांच तोड़कर चोरों ने नगदी व आभूषणों से भरा बैग पार कर दिया। बैग में 50 हजार रुपए नगद व लगभग 4 तोले के सोने के आभूषण सहित आई कार्ड, बैंक लॉकर की चाबी रखी हुई थी। इस नई घटना में भी पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की है लेकिन वारदात के 24 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस ने बताया कि कैमोर निवासी सुधीर तिवारी किसी कार्य से कटनी आए हुए थे। कोतवाली के बरही रोड क्षेत्र स्थित अभया होटल के पास अपनी कार खड़ी कर किसी दुकान में खरीदी करने के लिए गए। इस दौरान कार का कांच चोरों ने तोड़ दिया और कार में रखे बैग को लेकर फरार हो गए। पीड़ित सुधीर तिवारी ने बताया कि बैग में 50 हजार रुपए नगद, 4 तोले के सोने आभूषण, बैंक के लॉकर की चाबी, आई कार्ड सहित अन्य दस्तावेज रखे हुए थे। उन्होंने बताया कि आभूषण वे बैंक लॉकर में रखने के



लिए लेकर आए थे। पुलिस शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी चोरी की तलाश शुरु कर दी है। चोरों की तलाश में पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। हालांकि घटना के 24 घंटे बाद भी आरोपियों के संबंध में पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगे थे। गौरतलब है कि इसके पूर्व अस्पताल रोड क्षेत्र में रीवा निवासी पीडब्लूडी ठेकेदार की कार से भी अज्ञात बदमाश 50 हजार रूपयों से भरा बैग पार कर चुके हैं। इसके अलावा शाहनगर से खरीददारी करने आ रहे एक वृद्ध के आटो में सफर के दौरान बदमाशों ने लगभग एक लाख रूपए पार कर दिए थे। इन घटनाओं में भी पुलिस के हाथ खाली हैं।

### बाइक से दवा कारोबारी का बैग भी ले गए बदमाश

उधर बरही रोड क्षेत्र में कार का कांच तोड़कर नगदी व आभूषण से भरा बैग पार करने की घटना के पूर्व अस्पताल रोड क्षेत्र में दवा कारोबारी पंकज शर्मा भी वारदात का शिकार हुए। बताया जाता है कि सोमवार की सुबह अशोक कालोनी निवासी दवा कारोबारी पंकज शर्मा जिला अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार पर स्थित शर्मा केमिस्ट नामक दुकान खोलने पहुंचे। इस दौरान उन्होनें अपना बैग बाइक में टंगा रहने दिया और दुकान की शटर खोलने लगे। इसी बीच पहले से घात लगाए बैठे एक बदमाश उनकी बाइक में टंगा बैग लेकर चंपत हो गया। बैग में महंगा चश्मा, एसी का रिमोट सहित कुछ गर्म कपड़े रखे हुए थे।



# सगौना जलाशय में उतराती मिली युवक की लाश

## घर से मछली मारने कहकर निकला था युवक

**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम सगौना स्थित जलाशय में घर से मछली मारने निकले एक 30 वर्षीय युवक की लाश सोमवार को उतराती हुई मिली है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है। सहायक उपनिरीक्षक अश्वनी यादव ने बताया कि ग्राम सगौना निवासी 30 वर्षीय अनिल पिता जैन सिंह आदिवासी रविवार को घर से सगौना जलाशय मछली मारने के लिए निकला था। देररात तक युवक घर वापस नहीं लौटा तो परिजन युवक की तलाश में जुट गए। सोमवार दोपहर को युवक के कपड़े और जूते सगौना जलाशय में पड़े मिले। युवक की तलाश की गई तो कुछ दूरी पर युवक की लाश जलाशय में उतराती हुई मिली। सूचना पर ढीमरखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की लाश को जलाशय से बाहर निकलवाकर पीएम के लिए भेजा। आज सुबह पीएम के बाद शव अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

# ट्रक ने बाइक को रौंदा

## एक ही गांव के लड़का-लड़की की मौत

**कटनी।** बड़वारा थाना अंतर्गत कटनी-शहडोल मार्ग के बंदरी मोड़ पर ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार युवक-युवती की मौत हो गई। युवक-युवती एक ही गांव के थे तथा बाइक में सवार होकर घुमने के लिए निकले थे। बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा ने बताया कि थाना अंतर्गत ग्राम गोपालपुर निवासी 18 वर्षीय रितेश सिंह पिता दर्शन सिंह गौड़ व 16 वर्षीय पूजा उर्फ प्रभा पिता रामानुज विश्वकर्मा एक ही स्कूल में पढ़ते हैं तथा कल दोपहर दोनों बाइक में सवार होकर घूमने के लिए निकले थे। इसीदौरान कटनी-शहडोल मार्ग के बंदरी मोड़ पर तेज रफ्तार बाइक की भिड़ंत ट्रक से हो गई और ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार रितेश व पूजा की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शव पीएम के लिए अस्पताल भेजे। जहां शवपरीक्षण के बाद दोनों के शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिए गए। बताया जाता है कि आज दोनों का अंतिम संस्कार एक साथ अत्यंत गमगीन व शोकपूर्ण माहौल में किया गया। उधर पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक को जप्त करते हुए चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

**शहडोल मार्ग के बंदरी मोड़ पर दर्दनाक हादसा**

# घंटाघर में आटो चालक की संदिग्ध मौत

**कटनी।** कोतवाली के घंटाघर क्षेत्र में एक प्रौढ़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक पेशे से ऑटो चालक था। सुबह उसे घंटाघर क्षेत्र में बेहोशी की हालत में देखकर अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि एनकेजे थाना अंतर्गत तिलक कॉलेज के पास रहने वाले 48 वर्षीय रमेश कुमार बजाज पेशे से ऑटो चालक हैं। कोतवाली के घंटाघर क्षेत्र में बेहोशी की हालत में एक स्थान पर पड़ा हुआ था। जिस पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पैर में घसीटने से हुई चोट के निशान भी मिले हैं। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।


पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन- 230033


टैरो क्वीन
राजुल मिश्रा द्वारा टैरो कार्ड्स रीडिंग
सोमवार से शुक्रवार–दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक
दूसरी मंजिल, डॉ. नेमा क्लीनिक, आजाद चौक, कटनी
संपर्क करें– 9343945285

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टैनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय–सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता– टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था

पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR, Reliance digital, TRENDS, PLANET FASHION, U-TURN, BOLSA, GALAXY GAME ZONE, City Pride Cinema, Food Junction The Food Court, HOTEL GRAND MERIDIAN, FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant, GRAVITY THE PUB



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक–श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक–आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन– (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19–21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)